हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026



# 27 राज्यों से पहुंचे खिलाड़ी, नेशनल शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। इसके पश्चात खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

## खिलाड़ियों की तैयारी ऐसी हो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें: डॉ. रमन

### खेल जगत को सौगातें: नीलू

अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा ने कहा कि राजनांदगांव नगर के अनेक खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होकर जिले का मान बढ़ाया है। जिले के खेल से जुड़े युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिग्विजय स्टेडियम, एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सहित अन्य सौगातें मिली है।



### कला, कलम और कलाई की नगरी: कलेक्टर

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि राजनांदगांव को हमेशा से कला, कलम और कलाई की नगरी कहा जाता है। 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन एक अलंकार के रूप में एक नया रतन जड़ेगा। राजनांदगांव जिले ने देश व प्रदेश को अच्छे खिलाड़ी दिए है। उन्होंने कहा कि जिले को एक बैडमिंटन अकादमी एवं सीएसआर में टेनिस के लिए स्वीकृति मिली है। जिले में बॉक्स क्रिकेट की भी शुरूआत होने वाली है।

### 1006 खिलाड़ी शामिल

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता अंतर्गत बास्केटबॉल में बालक व बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी शामिल है। जिनमें देश के 27 राज्य एवं 9 शैक्षणिक संस्थान सहित कुल 36 टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में 429 बालक एवं 402 बालिका तथा 175 कोच शामिल है। इस तरह प्रतियोगिता में कुल 1006 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों से कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव पहुंचे है। यह निश्चित रूप से आपके खेल की शुरूआत हो रही है। राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद देश का प्रतिनिधित्व कर सकते है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में शामिल बहुत सारे बच्चे भविष्य में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत की चिंता नहीं करनी चाहिए। खेल में हार और जीत से आगे बढ़कर हम मैदान में सीखते हैं और मैदान से आगे बढ़ने की इच्छा बढ़ती है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आज इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अलग-अलग राज्यों से आए है। कल जब देश की टीम बनेगी तो यही से राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## खबर संक्षेप

### जयंती पर आयोजन आज

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर कल 12 जनवरी को सुबह 11 बजे बूढ़ासागर स्थित मां शीतला मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मंदिर परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रसादी वितरण और मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली कमला कालेज रोड स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समाप्त होगी। यहां प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। उक्त कार्यक्रम में बुजुर्गों का नंद सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी पुजारी परिवार एवं जनहित मंच, राजनांदगांव द्वारा संयुक्त रूप से दिया जा रहा है।



**जागरूकता रैली निकली**

**खैरागढ़।** सड़क सुरक्षा माह में जिला पुलिस केसीजी द्वारा राजा फतेहसिंह मैदान खैरागढ़ में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन कर ऑटो एवं ई रिक्शा वाहनों की व्यापक स्तर पर जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें खैरागढ़ में संचालित ऑटो, ई रिक्शा वाहनों को चेक कर उक्त वाहनों कि जागरूकता रैली निकाल कर जागरूकता का संदेश दिया गया।

## जमीन की सरकारी दरों में बदलाव के लिए होगी बैठक

# महीनेभर बाद भी मूल्यांकन समिति की बैठक नहीं, नई दर पर रजिस्ट्री मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीनों की बढ़ी हुई सरकारी दर का अब तक कोई पुनरीक्षण नहीं हो पाया है। भले ही प्रदेश शासन ने जिलों पर नए प्रस्ताव बनाकर भेजने की जिम्मेदारी छोड़ दी हो लेकिन जिले से अब तक कोई प्रस्ताव तैयार ही नहीं किया गया है। जिसके चलते लोगों को बढ़ी हुई दर पर ही रजिस्ट्री कराने मजबूर होना पड़ रहा है। इसका सीधा असर पंजीयन के टारगेट पर भी दिख रहा है। कम रजिस्ट्री होने से टारगेट पिछड़ता जा रहा है।

हालांकि दावा-आपत्तियों को राजधानी भेजने का काम कर लिया गया है। बताया गया कि 31 दिसंबर तक जितनी दावा-आपत्ति आई थी, उन सभी को आगे फारवर्ड कर दिया गया है। उल्लेखनीय है की प्रदेशभर में सरकार द्वारा जमीनों की सरकारी दर बढ़ाने के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के बाद शासन से गाइडलाइन में बदलाव के आदेश जारी किए थे। इसके लिए सभी जिला प्रशासन को 31 दिसंबर से पहले बैठक कर प्रस्ताव के आधार पर सुझाव भेजने कहा गया था। इस निर्देश को जारी हुए महीने भर से अधिक समय हो गया है लेकिन अब तक जिले में जिला समिति बैठक भी नहीं कर पाई है। बताया गया कि सभी अनुविभागीय स्तर के अधिकारियों से पहले प्रस्ताव मंगाए गए है, जिसके आधार पर जिला समिति अंतिम निर्णय लेगी।



### अनुविभागीय अधिकारी बनाएंगे प्रस्ताव, निर्देश का ही इंतजार

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला मूल्यांकन समिति की बैठक से पहले जिले के सभी एसडीएम को अपने स्तर पर प्रस्ताव करने की जिम्मेदारी दी गई है। बताया गया कि ब्लॉकवार एसडीएम सुझाव और प्रस्ताव के आधार पर दरों में संशोधन के लिए अपनी ओर से प्रस्ताव तैयार करेंगे। जिसे जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में रखा जाएगा। वहां से अनुमोदन के बाद उसे प्रदेश स्तरीय मूल्यांकन समिति को भेजा जाएगा।

### कारोबार पर असर, धंधा मंदा

जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि भले ही दरों में बदलाव की पहल शुरु हो गई है, लेकिन जब तक नई दरों को बदला नहीं जाता जमीन कारोबार वापस पूराने रंग में नहीं आ पाएगा। जमीन कारोबार करने वाले लोगों का कहना है कि जहां पुराने सौंदे नई दरों के बाद ही रद्द हो गए थे, वहीं अब दर में इजाफा के चलते नए सौदे भी होना मुश्किल हो गया है। बताया जा रहा है कि लगभग 70 फीसदी की गिरावट जमीन कारोबार में देखने को मिल रही है।

### रजिस्ट्री में भी भारी गिरावट

जमीन का सरकारी दर बढ़ने का सीधा असर जिला पंजीयक कार्यालय की आय पर भी पड़ा है। दर में इजाफा के चलते भारी संख्या में सौदे रद्द हो रहे है, जिसके चलते यहां हर महिने डेढ़ से दो हजार रजिस्ट्री शहर में होती थी। वहीं अब महीने में इसका आंकड़ा पांच सौ से भी कम पर पहुंच गया है। बताया गया कि दिसंबर महीने में शहर में केवल 472 रजिस्ट्री ही हुई है।

### जिलेभर से आई 173 आपत्तियां

मिली जानकारी अनुसार शासन के निर्देश बाद लोगों से नई दरों को लेकर दावा-आपत्ति ली जा रही थी। जिले में 31 दिसंबर तक करीबन पौने दो सौ दावा-आपत्ति आई थी, इनमें शहर से ही चार दर्जन दावा-आपत्ति शामिल है। इन सभी आपत्तियों को जिला पंजीयक विभाग की तरफ से प्रदेश स्तर पर प्रेषित कर दिया गया है। अब आगे के दिशा-निर्देश का इंतजार किया जा रहा है।

## दपंत्ति के खिलाफ एक्शन

# गलत जानकारी देकर बनवाया जन्म प्रमाण पत्र, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाबालिग बालिका के यौन शोषण से जन्मे बच्चे को अवैध रूप से गलत जानकारी देकर अपना बच्चा बता कर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वाले दंपति को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी पीड़िता की मां ने चौकी चिचोला, में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी नाबालिग बच्ची को गांव का ही एक लड़का बहला-फुसला कर शारीरिक संबंध बनाया। जिससे वह गर्भवती हो गई थी लोकलाज के भय से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। वह अपनी लड़की को अपने रिश्तेदार के घर छोड़ दी थी जहां बच्चे की डिलीवरी पश्चात पीड़िता के चाचा चाची ने बच्चे को किसी अन्य जरूरतमंद को दे दिया था। पूर्व में पीड़िता के साथ यौन शोषण करने वाले विधि से संघर्षरत बालक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार इस मामले में धारा 62(1), 337, 338, 339 बीएनएस, 21 पॉक्सो एक्ट, 80 किशोर न्याय अधिनियम जोड़ी गई। आरोपी दंपत्ति से पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया उनके कब्जे से जन्म प्रमाण पत्र, नोटरी शपथ पत्र, जब्त किया गया व बच्चे को बरामद किया गया। आरोपी दंपत्ति को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश किया गया बच्चे के विधिक संरक्षक हेतु निर्णय लेने बाल विकास समिति राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

### स्वयं का बच्चा बता कर अस्पताल में भर्ती कराया

पुलिस के अनुसार इस संबंध में अग्रिम विवेचना में पाया गया कि बच्चे को पीड़िता के परिजन अपने पास रखना नहीं चाहते थे। जिसे जन्म के तत्काल बाद एक जरूरतमंद दंपति को दे दिया गया। जिन्होंने उसे इलाज हेतु निजी अस्पताल में स्वयं का बच्चा बता कर भर्ती कराया अस्पताल के स्टाफ जिन्हें इस संबंध में जानकारी थी उनके द्वारा नगर निगम में जन्मे बच्चे को अस्पताल में जन्म बता कर नगर निगम में जानकारी भेज कर जन्म प्रमाण पत्र बनवाया।

# कोचियों की धरपकड़, दो आरोपी से 108 पौव्वा शराब बरामद, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के दो अलग-अलग मामले में दो आरोपियों को पकड़ कर कुल 108 पौवा देशी अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जनवरी को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी लोकेश श्रीवास ठेठवार पारा को मोहारा बायपास रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 58 पौवा अंग्रेजी जम्मू स्पेशल शराब कीमती 6,960 रूपये की जब्त की गई। वही आरोपी राहुल राजपूत उर्फ गुज्जर क्लब चौक को गोल्डन रेस्टोरेंट के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 29 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2,320रूपये ,21 पौवा अंग्रेजी जम्मू स्पेशल शराब कीमती 2,520रूपये की जब्त की गई।

### आबकारी एक्ट के तहत दोनों पर कार्रवाई

उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना बसंतपुर में पृथक-पृथक अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक अभिरक्षा में प्रस्तुत किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात आरोपियों को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक सीमा जैन, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, रामचरण साहू एवं चन्द्रशेखर श्रीवास की सराहनीय भूमिका रही।

# मवेशी तस्करी, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छोटा हाथी पिकअप वाहन में मवेशियों को भर कर कत्लखाना ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतलाब थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जनवरी को ग्राम भ्रमण गस्त दौरान पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली कि सफेद कलर छोटा हाथी वाहन पिकअप में मवेशी भरकर कत्लखाना ले जा रहे है। सूचना पर ग्राम बोरतलाव नंदिनी पेट्रोल पंप बोरतलाव मेन रोड चांद सूरज महाराष्ट्र के पास जहां चेकिंग पाइंट लगाकर वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी समय वाहन छोटा हाथी पिकअप सफेद कलर का आया जिसे रुकवाया गया। वाहन के अंदर दो व्यक्ति बैठे थे जैसे नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम इमरान शेख उम्र 30 साल, रवि भोयर उम्र 35 वर्ष सालेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। छोटा हाथी पिकअप वाहन की तलाशी लिया गया । पिकअप वाहन के अंदर कुल 2 नग मवेशी जिसमे 2 भैंसी काला कलर एक भूरा कलर का चारो तरफ से बंद मवेशियो के उठने बैठने के लिए जगह नहीं और ना ही चारा-पानी की व्यवस्था किये बिना मवेशियों को क्रूरता पूर्वक भरा हुआ कत्लखाना ले जाते पाया गया। पुलिस ने मवेशी व वाहन को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा।

# कोचिए का 50 कट्टा धान सहित वाहन जब्त, पूर्व समिति प्रबंधक को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





जिले में जारी प्रशासन की धान कोचियो के खिलाफ कार्रवाई के तहत रविवार को भी एक कोचिए से 50 कट्टा धान जब्त करने की कार्रवाई की गई है। जिस वाहन में धान लाया जा रहा था, उसको भी जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा दूसरी ओर धान खरीदी से पृथक किए गए पूर्व समिति प्रबंधक द्वारा बाधा डालने पर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।


उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले दो महीने से लगातार धान तस्करी के खिलाफ नाकेबंदी के साथ ही दस्तक देकर कार्रवाई की जा रही है। अब तक जिले में ही 13 करोड़ से अधिक रुपए का धान प्रशासन की टीम द्वारा जब्त किया जा चुका है। इसी अभियान के तहत सरकार को धान खपाने की नियत से धान लाने वाले कोचिए प्रेम प्रकाश साहू के खिलाफ रविवार को एक्शन हुआ है। बताया गया कि प्रेम प्रकाश साहू छुरिया के ग्राम हाटबंजारी गांव के ही नरेश साहू से एक पिकअप वाहन के जरिए महाराष्ट्र से 50 कट्टा धान का अवैध परिवहन कर रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

### खरीदी में बाधा, भेजा जेल

हरिराम सिन्हा, पूर्व समिति प्रबंधक मूड़पार को कुछ दिन पूर्व मूड़पार समिति में अनिमियतता पाये जाने पर धान खरीदी कार्य से पृथक किया गया था। उसके बाद भी धान खरीदी केंद्र में आकर धान खरीदी के कार्य में बाधा उत्पन्न करना एवं कोचियों का धान खपाने का प्रयास कर रहा था। जिसके चलते प्रशासन ने उसे जेल भेज दिया है। ज्ञात हो इससे पहले जिस कोचिए को जेल भेजा गया था, यह उसका रिश्तेदार है।

**0 राजनांदगांव।** मौसम में परिवर्तन के चलते इन दिनों ठंड में कमी आने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में रात के तापमान में वृद्धि हो सकती है।

## मॉय एंगल



## पर्व को लेकर तैयारियां शुरू, स्नान दान पुण्य का होगा माहौल

# वराह में तलवार लिए संक्रांति का होगा आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मकर संक्राति पर्व को लेकर लोगों में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है। इस वर्ष संक्रांति का आगमन वराह वाहन में सवार होकर तलवार लिए होगा। पर्व पर श्रद्धा भक्ति एवं दान पुण्य का माहौल निर्मित रहेगा।

मकर संक्राति पर्व को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है, घर-घर में तिल के बने व्यंजन जहां बनाने की तैयारी चल रही है, वही बाजार से रेडीमेड पकवान की भी खरीदी की जा रही है। मकर संक्राति पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। इस दिन का पुण्य काल दोपहर 3.13 बजे प्रारंभ होगा। महापुण्य काल दोपहर 3.13 बजे से शाम 4.58 बजे तक रहेगा। पंचाग के मुताबिक इस वर्ष संक्राति का आगमन कुवारी अवस्था में चंदन का लेप किए वराह वाहन पर तलवार लिए हरित वस्त्र धारण किये होगा। उप वाहन वृष होगा। पर्व पर अंचल के ग्रामीण सहित शहरी इलाकों में विविध समाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

मान्यता के अनुसार संक्रांति जिस स्वरूप और वाहन में आती है उन्हें कष्ट होता है। इस वजह से आयुध बनाने वालों, वराह और वृषभ वर्ग के पशुओं को कष्ट होगा। इसके साथ ही हरे रंग की वस्तुओं, लोहा, तिलहन, चांदी, तांबा और अन्न में महंगाई का असर रहेगा। मध्य रात्रि होगा नक्षत्र प्रवेश- सूर्यदेव का एक राशि से दूसरी राशि में गमन करने को संक्रांति कहते हैं। सूर्यदेव मकर राशि में गुरुवार की रात्रि 1.25 बजे प्रवेश कर रहे हैं। इससे संक्रांति का पुण्य काल 15 जनवरी शुक्रवार को सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रहेगा।



### शुभ मांगलिक कार्य होंगे शुरू

मकर संक्राति पर्व के अवसर पर कई स्थानों पर पतंगबाजी भी की जाती है हालांकि संस्कार धानी में पूर्व में सामुहिक आयोजन हुए थे वर्तमान में अभी से ही कई लोग पतंगबाजी कर पर्व का स्वागत करने जुटे हुए है। बाजार में पतंग धागों की अच्छी खासी मांग बच्चों व युवाओं के बीच बनी हुई है। भगवान सूर्य देव के उत्तरायण होते ही मांगलिक एवं शुभ कार्यों का भी सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा। पर्व को लेकर लोगों में उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल है। इस दिन सुबह के समय तालाब नदी तट पर व मंदिरों में सुबह से भक्तों की उपस्थिति बने रहने की संभावना है।

### सूर्य देव मकर राशि में करेंगे प्रवेश

पंचाग के अनुसार मकर संक्राति का पर्व सूर्य के धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इसी दिन से सूर्य देव उत्तर दिशा की यात्रा पर रहेंगे, सूर्य देव उत्तरायण होगा। इस पर्व को अत्यन्त शुभ माना गया है। इस दिन स्नान ध्यान के साथ ही भभगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना करने के साथ ही दान पुण्य में लोग व्यस्त रहेंगे। ऐसी मान्यताए है कि यह पर्व नई उर्जा खुशियों और सर्दियों के अंत का प्रतीक है। खरमास का समापन होता है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों को पाठ्यक्रम आधारित प्रशिक्षण



**चिचोला।** संकुल केंद्र चिचोला में प्राथमिक शाला के बदले हुए पाठ्यक्रम पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्राथमिक शाला के शिक्षक शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर्स असउराम कारीहेरपाल, डिगेंद्र साहू एवं पदमा लहरे थे। इस मौके पर शिक्षकों को कक्षा पहली से तीसरी तक के पाठ्यक्रम में हुए बदलाव, स्वरूप, प्रश्न अभ्यास, सीखने के विभिन्न कौशल के साथ एफएलएन, जादुई पिटारा, ई जादुई पिटारा, योग, कला, नवाजतन, 6 सी तथा नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्रभारी मोहित साहू, गिरधर साहू थे।

### सड़क किनारे की नाली क्षतिग्रस्त



**चिचोला।** स्थानीय बस स्टैण्ड में बनी नाली जगह जगह जर्जर हो गई है। कुछ दिन पहले हैदराबाद जाने वाले बस नाली में फंस गई थी। सर्विस रोड से लोगों का आवागमन होते रहता है। नाली के टूट फूट जाने से आम लोग और मवेशी गिर कर जख्मी हो रहे है। ग्राम के अमित अग्रवाल, तन्नू सिन्हा ने बताया कि जगज जगह नाली टूटने से आने जाने वाले लोगों को दिक्कते होती है साथ ही गिरने का भय बना रहता है। नाली में गंदगी भी जमा हो गई है। पंच सतीश सिन्हा, ताम्रज सिन्हा ने बताया कि मोहल्ले का पानी नाली में जाता है। नाली के टूटने के बाद कचरा जाम हो गया है जिससे गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। लोगों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। नाली मरम्मत कराने की ओर फोरलेन कंपनी ध्यान नही दे रही है।

### पिछड़ों को साधने नागपुर में जुटे विधायक

**डोंगरगांव।** महानगर पालिका नागपुर के आगामी चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में विधायक दलेश्वर साहू को पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक श्री साहू विभिन्न मुहल्लों में लगातार बैठक आयोजित कर मतदाताओं को साधने में लगे है। गत 11 एवं 12 जनवरी को उन्होंने छत्तीसगढ़िया बाहुल्य वाड़ों में जनसंपर्क कर कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को मतदाताओं तक पहुँचाय। इस दौरान जयश्री साहू, किसान नेता गुलाब वर्मा एवं भावेश सिंह भी जनसंपर्क अभियान में शामिल थे।

### बार काउंसिल में क्वालीफाई हुए विजय जैन



**खडगांव।** हरिभूमि संवाददाता विजय कुमार जैन आल इंडिया बार काउन्सिल परीक्षा में क्वालीफाई हुए। श्री जैन ने एलएलबी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद गत 30 नवंबर को आल इंडिया बार काउंसिल परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा का परिणाम 8 जनवरी को घोषित हुआ जिसमें श्री जैन क्वालीफाई कर एडवोकेट बने। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय बेटी आर्ची जैन सहित परिजनों को दिया। श्री जैन के परिवार में डाक्टर, इंजीनियर, चार्टेड एकाउंटेंट, वास्तु वाले थे लेकिन कोई भी एडवोकेट कोई नहीं था जिसकी पूर्ति उनके एडवोकेट बनने से पूरी हो गई।

### नि:शुल्क कृत्रिम अंग निर्माण शिविर 13 को

**डोंगरगढ़।** छिरपानी प्रांगण में आगामी 13 जनवरी को कृत्रिम अंग निर्माण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ऐसे हितग्राही जो विकलांगता की श्रेणी में आते हैं और जिन्हें व्हील चेयर, कमोड विथ विल चेयर, स्टूल विथ कमोड, वाकिंग स्टीक, बैसाखी, ट्रेडा पैड, सर्वाइकल कॉलर, श्रवण यंत्र, फूट केयर कीट, पालिमर जैल, स्पाइनल सपोर्ट आदि की जरूरत है की जांच कर निः शुल्क प्रदाय किया जाएगा।

### खुर्सीपार में मंडई 14 को

**खुज्जी।** समीपस्थ ग्राम पंचायत खुर्सीपार में मंडई का आयोजन 14 जनवरी को रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में चंपा बंसत आटरा का नाच रखा गया है। ग्राम के गैंदालाल साहू, वासुदेव कलिहारी एवं धानूराम गंजीर ने आसपास के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### महिला कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत



**डोंगरगढ़।** राज्यसभा सांसद एवं छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के नगर प्रवास पर पहुंचने पर कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत किया। केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

### चिचोला मंडई कल



**चिचोला।** ग्राम में आगामी 13 जनवरी को पारंपरिक मंडई आयोजित किया गया है। इस आयोजन राजनीतिक हस्तियों सहित ग्रामीण शामिल होंगे। नारायणगढ़ के सरपंच जाफर अली ने बताया कि मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा होंगे। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अलावा ग्राम पटेल प्रीतराम, भागचंद, दिनेश सिन्हा आदि उपस्थित रहेंगे। रात्रि में सांस्कृतिक संस्था रंग छत्तीसा के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### आत्मानंद स्कूल में वार्षिक खेलोत्सव आयोजित



**खडगांव।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव के तहत गत दिनों तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, बैडमिंटन, दौड़, रस्साकशी, लंबी कूद, मार्बल रेस आदि शामिल थे। छात्र छात्राओं ने खेलों में अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य खेमलता दास ने छात्र छात्राओं को खेलों के महत्व से अवगत कराया और खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने प्रेरित किया। वार्षिक खेल में - इंद्रावती, अरपा, महानदी और शिवनाथ हाऊस ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षकों ने अपनी भूमिका निभाई। इस आयोजन के लिए छात्र छात्राओं ने स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य श्रीमती दास का आभार व्यक्त किया है।

## कांग्रेसियों ने भजन-कीर्तन कर जताया विरोध

# मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस ने किया उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मनरेगा के नियमों में बदलाव के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को सामूहिक उपवास का आयोजन किया गया। उपवास स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम का सामूहिक गायन कर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया गया।

उपवास स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता गिरिराज किशोर दास ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण जीवन की रीढ़ है। इसमें किए जा रहे बदलावों से ग्रामीण जीवनशैली पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर एक नागरिक तक मनरेगा से जुड़ी सच्चाई पहुंचाना हमारा कर्तव्य है और इसके लिए कांग्रेस गांव-गांव तक जाएगी। वहीं देवराज किशोर दास ने कहा कि मनरेगा के नियमों में बदलाव कर गरीबों और किसानों के अधिकार समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। मोदी सरकार द्वारा बनाए गए जनविरोधी नियमों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।




### सरकार वापस ले निर्णय

विधायक यशोदा वर्मा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सरकार जिस तरह से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों और उनके बनाए गए जनकल्याणकारी मूल्यों को कमजोर कर रही है, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस फैसले का पुरजोर विरोध करती है और सरकार को यह निर्णय वापस लेना होगा। सभा को वरिष्ठ पदाधिकारी और नेताओ ने भी संबोधित किया।

### केन्द्र सरकार के निर्णय से ग्रामीणजन आहत

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि ग्रामीण जन आहत है। पहले समय पर मनरेगा का भुगतान हो जाता था। हर बरस ग्राम में मनरेगा से ज्यादा से ज्यादा कार्य कराए जाते थे।हर ब्लाक और मंडल में कांग्रेस पदाधिकारियों की ग्रुप बनाया गया है जो कांग्रेस की तरफ क्षेत्र का सुपर विजन करेंगे। संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सज्जाक खान ने किया। सत्याग्रह उपवास में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, राजा गिरिराज किशोर दास, लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, छोटे राजा देवराज किशोर दास, आरती महोबिया, हेमंत वैष्णव, भीगेश यद्धु, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह, रामकुमार पटेल, कपिनाथ महोबिया, रिंकू महोबिया, तेजराज वर्मा, चंद्रेश यद्धु, रिंकू गुप्ता, प्रकाश महोबिया, मनीष कोचर, संजू नेताम, संदीप सिरमौर, लेख नारायण टांडेकर, भीम महोबिया, इशू दुबे, नीरज महोबिया, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, संजू चंदेल, जयराम मंडावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# डुप्लीकेट डीईएफ बेचने वाला गिरोह बेनकाब

- एक गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चिचोला पुलिस और सायबर सेल राजनांदगांव की टीम ने डुप्लीकेट डीईएफ की बिक्री करने वाले गिरोह पर कार्रवाई की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी फरार हो गया। इस मामले का खुलासा शिकायत के बाद हुआ। शिकायतकर्ता मंगल पाण्डे निवासी दीप्ति स्काई सिटी, ओल्ड अम्बरनाथ गांव, जिला ठाणे ने उक्ताशय की शिकायत पुलिस चौकी चिचोला, थाना छुरिया में की थी। शिकायत में बताया गया कि पाटेकोहरा के जुम्मन ढाबा के पास स्थित एक बिल्डिंग में जुम्मन खान द्वारा महिंद्रा ऑयल, टाटा मोटर्स और गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट इंडिया लिमिटेड के नाम के नकली होलोग्राम और स्टीकर लगाकर डीईएफ की अवैध बिक्री कर रहा है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एएसपी पुष्पेंद्र नायक और एसडीओपी आशीष कुंजाम के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए सायबर सेल के साथ दबिश दी। रेड के दौरान मुख्य आरोपी जुम्मन खान फरार हो गया, जबकि मौके से ईशु यादव निवासी महोबा आलमपुरा, उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने मौके से 2940 लीटर डीईएफ जब्त किया। यह डीईएफ 147 बकेट में भरा था। जप्त डीईएफ की अनुमानित कीमत 1 लाख 92 हजार 85 रुपए है। पुलिस ने कापीराइट एक्ट के तहत मामला दर्जकर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### फरार आरोपी की तलाश जारी

जानकारी के अनुसार पुलिस के पहुंचने पर मुख्य आरोपी अतीक खान उर्फ जुम्मन खान निवासी रामपुर खातूटोला फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। पुलिस की चेतावनी देते हुए कहा है कि नकली उत्पादों की बिक्री, उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी और नामी कंपनियों के ट्रेडमार्क के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कार्रवाई से बचने कोचिया घूम घूम कर बेचने लगे शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- नशे के कारोबार पर अंकुश नहीं
- महिलाएं हो रही परेशान

एसपी अंकिता शर्मा की पदस्थापना के बाद शराब सहित नशे के कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लगा है किंतु पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। शहर के पुराने बस स्टैंड में शराब- गांजा बेरोकटोक बिक रहा है।

उल्लेखनीय है कि एसपी अंकिता शर्मा की पदस्थापना के पहले शहर के करीब 10 वार्डों में सक्रिय कोचियों द्वारा शराब बेचा जा रहा था। शहर में कुछ ऐसे भी प्रभावशाली कोचिया थे जो राजनीतिक संरक्षण में थोक में शराब बेच रहे थे। इन कोचियों का प्रभाव ऐसा था कि जो इनसे शराब नहीं लेता था उसे पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। एसपी के तीखे तेवर को देखते हुए कुछ कोचियों ने शराब के धंधे से तौबा कर लिया है तो कुछ अन्य धंधे से जुड़ गए है। शराब के धंधे में कमी के बाद भी कई अभी भी इसमें लिप्त हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के पुराने बस स्टैंड में आधा दर्जन लोग घूम- घूम कर शराब बेचते है। पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए यह लोग सरकारी शराब दुकान से थोक में शराब लाते जरूर हैं किन्तु जेब में कुछ पौवा रखकर घूम घूम कर बेचते है। अनुमान के मुताबिक बस स्टैंड में प्रतिदिन छह से सात पेटी शराब की खपत होती है। शाम को बस स्टेंड में पियक्कड़ों का जमघट लग जाता है जिससे महिला, छात्राओं आदि को परेशानी से जूझना पड़ता है।

# पुलिस के हाथ लगे कई शराब कोचिया

## लगातार कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी संतोष जायसवाल एवं पुलिस स्टाफ द्वारा शराब बिक्री पर रोक लगाने, शराब कोचियों पर निगरानी रखने के साथ अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार गत 10 जनवरी को पुलिस ने मुंदगांव निवासी डोमेश्वर सिन्हा पिता स्व तिलक सिन्हा को हनुमान मंदिर के सामने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 40 पाव सीजी अंग्रेजी शराब, होंडा एक्टिवा जप्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इसी क्रम में नेहरू कॉलेज के पास दो व्यक्तियों को अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी तोषणराम वर्मा पिता रवि लाल वर्मा, संगलूराम पंडोरा पिता स्व. रतिराम पंडोरा निवासी मुंडेरी के पास 32 पाव सीजी अंग्रेजी शराब, बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल जप्त किया गया। एक अन्य कार्रवाई में कुरुभाठ मोड़ के पास सुमन विश्वकर्मा पिता राजाराम विश्वकर्मा निवासी मेढ़ा से 29 पौबा सीजी अंग्रेजी शराब, सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इसी प्रकार कुरुभाठ रोड पर घनश्याम यादव पिता सुखलाल यादव, राजू नेताम पिता सौखीलाल नेताम निवासी तुमड़ीबांध से 30 पौबा सीजी अंग्रेजी शराब, होंडा साइन मोटरसाइकिल जप्त किया गया। पुलिस ने छिरपानी सुलभ शौचालय के पास कौशल साहू पिता सुखधीर साहू निवासी भोथली को अवैध शराब बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी से 10 पाव सीजी अंग्रेजी शराब, बिक्री रकम 200 रूपए जप्त किया गया।

## बैराज में डूबा युवक अब तक नहीं मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

खातूटोला बैराज में मछली मारने गए झिंझारी निवासी सोमनाथ ढीमर पिता मनराखन ढीमर का अब तक सुराग नहीं मिला है। झिझारी निवासी सोमनाथ खातूटोला बैराज में अपने पिता के साथ मछली पकड़ने के लिए ट्यूब के सहारे नहर में गया। कुछ देर बाद टयूब तो दिखा किन्तु युवक लापता था। उसके साथी ने घटना की जानकारी चिचोला थाना को दी। मौके पर पहुँचकर चौकी प्रभारी ने एसडीआरएफ टीम को तलाश के लिए बुलाया। लगातार तलाशी के बाद भी युवक की जानकारी नहीं मिली है। गोताखोर लगातार खोजबीन कर रहे हैं। युवक के लापता होने से परिजनों मे चिंता की लहर दौड़ गई है। युवक के दो छोटे बच्चे हैं।

# देवादा टीम ने जीता फाईनल मैच

- कार्क बल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला



पिनकापार में जय दुर्गा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का फाईनल मैच पिनकापार और देवादा टीम के बीच खेला गया। जिसमें पिनकापार टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 96 रन बनाए।

इस लक्ष्य को हासिल करने उतरी देवादा टीम ने मैच का रोमांचक बना दिया। देवादा टीम को 6 बाल में 12 रन बनाना था जिससे छक्के चौके लगाकर पूरा करते हुए जीत हासिल किया। विजेता टीम को 25001 रुपए और उपविजेता को 15001 रुपए दिया गया। मैन ऑफ द मैच रमाकांत देवादा, किशोर चंद्रवंशी मैन ऑफ द सीरीज पिनकापार रहे। पुरस्कार वितरण जनपद सदस्य रेखाबाई गंधर्व, सरपंच मंसाराम कंवर, उपसरपंच राकेश धनकर, ग्राम पटेल गीता लाल यादव ने किया। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि खिलाड़ी को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। इस दौरान रेवाराम, यमहरन यादव, वेद यादव, ललित कुंजाम, रामअवतार, नारद चंद्रवंशी, अशोक मरकाम, किशुन, हेमंत सेन, अर्जुन ठाकुर, लोकेश यादव आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महिला मोर्चा को सशक्त बनाने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



नर्मदा मंदिर परिसर में शनिवार को भाजपा जिला महिला मोर्चा की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष उमा चौबे का स्वागत किया गया। तत्पश्चात पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की राय लेकर महिला मोर्चा को जिला एवं मंड़ल स्तर पर सशक्त बनाने पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया गया। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में महिला कार्यकर्ताओं की सहभागिता, संगठनात्मक मजबूती और संगठन विस्तार पर विचार किया गया।

### शिव मंत्र का किया जाप

बैठक के पहले उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर नर्मदा मंदिर में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता ने शिव लिंग में जलाभिषेक कर भजन कीर्तन एवं आरती किया। इस दौरान जनसमूह ने शिवमंत्र का सामूहिक जाप किया। बैठक में ज्योति जंघेल, गिरजा चंद्राकार, जिला अध्यक्ष उमा चौबे, नीलिमा गोस्वामी, किरण गुप्ता, इंद्राणी वर्मा, देविका धुर्वे, मैना कुंभकार, मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, खेलन वर्मा, बालकृष्ण जंघेल, प्रेमलाल जंघेल, रमेश जंघेल, बलराम जंघेल, बल्लू जंघेल, देवलाल साहू, धनऊ राम जंघेल आदि बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।

## 32 मरीजों का किया गया परीक्षण

# नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के अग्रसेन भवन में स्वास्थ्य सेवा के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग और स्त्री रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी। सुबह से ही आधुनिक मशीनों के माध्यम से मरीजों की गहन जांच की गई और आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान कुल 32 मरीजों का सफल परीक्षण किया गया। जांच के लिए अस्पताल की टीम द्वारा उन्नत मेडिकल मशीनों का उपयोग किया गया। परामर्श के बाद मरीजों को मौके पर ही नि=शुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

### व्यवस्थाओं में इनका रहा योगदान

शिविर के सफल आयोजन में अग्रवाल समाज एवं समाज के अनिल अग्रवाल, सतीश सिंघानिया, भिगेश यादव और दिनेश सहित अन्य गणमान्य नागरिकों का सक्रिय योगदान रहा। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रही और नागरिकों ने इस पहल की सराहना की।

## सप्तशक्ति कार्यक्रम का आयोजन



**चिचोला।** सरस्वती शिशु मंदिर पाटेकोहरा में बीते दिनों सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि परिवहन उप निरीक्षक प्रभा तिवारी थी। अध्यक्षता जिला ग्राम भारती अध्यक्ष बुंदा वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि स्वाती गुप्ता, गिरजाबाई, ओमबाई, सुशीला, ज्योत्सना कौर, भानीबाई, बिसाहिन बाई सिन्हा थी। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत के बाद दीदियों ने समूह गीत एवं प्रस्तावना प्रस्तुत किया। इस मौके पर महिलाओं ने साहसी महिलाओं की वेशभूषा धारण कर अपने अभिनय से नारी शक्ति का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। स्वाती गुप्ता ने विकास में महिलाओं का योगदान पर संबोधित किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी एवं खेल का आयोजन किया गया जिसमें विलेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पाटेकोहरा, रामपुर, बापूटोला, रानीतलाव, आवराटोला की करीब 120 महिलाएं शामिल हुई। यह प्रधानाचार्य हरिश पटेल ने दी।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए शैलेष चयनित



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल की कक्षा आठवीं के छात्र शैलेष कुमार यादव ने ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता अंतर्गत लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके प्रदर्शन को देखते हुए उसका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। शैलेष ने अपनी सफलता का श्रेय विद्या श्री विजडम स्कूल के गुरुजनों को दिया। प्राचार्य ने शैलेष को शानदार सफलता के लिए बधाई दी है।

### पटेवा में हिन्दू सम्मेलन आज

**पटेवा।** ग्राम में कल 12 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन मानस प्रांगण में किया गया है। इस सम्मेलन के वक्ता के रूप में अभय बाजपेई, विजय साहेब, चैनदास जंघेल, डां इन्दुमती मिश्रा शामिल होंगी। संयोजक विनोद बारले, रमेश वर्मा, ढालसिंग साहू, प्रमोद दुबे, नरेंद्र वर्मा, अजय ठाकुर, जितेन्द्र गायकवाड़, राकेश साहू, रामदास कोसरे, ललित साहू, जनक साहू, अक्षय पटेल, केदारनाथ साहू सम्मेलन की तैयारी में जुटे है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील सर्व हिन्दू समाज के लोगों से की है।

### कैलाश की नियुक्ति से किसानों में खुशी

**खुज्जी।** भाजपा किसान मोर्चा ने ग्राम के कैलाश शर्मा को कार्यकारिणी में प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के किसानों, युवाओं में खुशी का माहौल है। युवा किसानों का कहना है कि श्री शर्मा हमेशा से किसानों, युवाओं के सुख-दुख में सहभागी रहे हैं। उनके जमीन से जुड़े होने के कारण उन्हे खेत, किसान और ग्रामीण समस्याओं की गहरी समझ है। उन्होंने किसानों की समस्याओं को संगठन और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया है। युवा मोर्चा में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत किया और युवाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान किया।



### मूलचंद लोधी बने किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री



**डोंगरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश मंत्री के रूप में मूलचंद लोधी की नियुक्ति की गई है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर दादूराम सोनकर, पूर्व जिला अध्यक्ष हिरेन्द्र साहू को प्रदेश संयोजक पीएम धन-धान्य कृषि प्रकल्प की जिम्मेदारी दी गई है। विकसित भारत जी-राम-जी योजना हेतु प्रदेश संयोजक का दायित्व बीरेंद्र सिंह को सौंपा गया है। नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी पूर्व में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। नियुक्ति के बाद श्री लोधी को भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा, दिग्विजय महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष अतुल रायजादा, अरुण शुक्ला, योगेश खत्री, घासीराम साहू, मनीष सोनी, जैन कुमार मेश्राम, रवि यादव, जसमीत बन्नोआना, हेम कुमार साहू सहित अन्य ने बधाई दी है।

# जेवरतला में मितान महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समीपस्थ ग्राम जेवरतला रोड में शनिवार की रात मितान लोक महोत्सव का यादगार आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति और नयनाभिराम सतरंगी लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने आयोजन को नई ऊंचाई तक पहुंचाया।

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकर कल्याण संघ राजनांदगांव द्वारा बीती रात जेवरतला में आयोजित सातवां मितान लोक महोत्सव के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। दीप प्रज्वलन और स्वागत के उपरांत मुख्य अतिथि श्री निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ लोककला और लोक संस्कृति की खान है।

छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने अपनी कला और संस्कृति को संरक्षित रखने में अथक योगदान दिया है। मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकर कल्याण संघ राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली लोकसंस्कृति और लोक परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है।



मितान के सचिव और संस्कृतिकर्मी वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मितान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

मितान लोक महोत्सव की शुरुआत सुरेगांव की पंडवानी गायिका पूजा देशमुख ने सरस्वती वंदना से की । तत्पश्चात उन्होंने पंडवानी में पांडवों के विराट नरेश के यहां अज्ञातवास बिताने के प्रसंग की शानदार प्रस्तुति दी ।

राजनांदगांव की नवोदित लोक गायिका पारखी महोबिया ने पहली बार मंचीय प्रस्तुति देते हुए जस पचरा से शुरुआत की। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात देवी जस गायक दुकालू यादव ने अपनी लोकप्रियता के अनुरूप जस गीत प्रस्तुत कर आयोजन को नई ऊंचाई प्रदान की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकर कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू, महादेव हिरवानी, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, विष्णु कश्यप, महेश्वरदास साहू, हर्ष कुमार बिंदु, दीपक महोबिया, राजू मंडले, राकेश सेन, धन्नूलाल साहू, राजेश साहू, मुन्ना बाबू, जनपद सदस्य अंजली साहू, ऋतु साहू, जेवरतला के सरपंच चंद्रहास चापीरा, ग्राम विकास समिति और महिला समूह जेवरतला के सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### गायिका कंचन ने गीतों से मोहा मन

सुप्रसिद्ध लोक गायिका कंचन जोशी ने कई गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को प्रभावित किया। इन गीतों में लोक सांस्कृतिक मंच धरोहर और स्वरधारा के कलाकारों ने भावनृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति लोक सांस्कृतिक मंच लोक धारा ने दी। कलाकारों ने खड़े साज में नचौरी गीत से शुरुआत कर बारहमासी गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सोहर गीत से शुरू करते कर भरथरी, भोजली, जंवारा, देवी जस गीत, गौरा गीत, राऊत नाचा, सुआ गीत, गौरा गीत, पंथी और होली गीत की झलक दिखाई। सभी आमंत्रित कलाकारों और अतिथियों को स्मृति प्रतीक चिन्ह और दल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमलाल ध्रुव ने एवं आभार प्रदर्शन पूर्व जनपद सदस्य राजेश साहू ने किया।

# अभिभावक सम्मेलन आयोजित




**कल्लूबंजारी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरिया में गत दिनों अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। अध्यक्षता दीपचंद जैन ने की। विशिष्ट अतिथि बलराम चंद्रवंशी, अलेंद्र चंद्रवंशी, प्रभुदास साहू, जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौती थी। प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता, सरस्वती एवं ओम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। स्वागत के बाद प्राचार्य द्वारा अभिभावक सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री गांधी ने कहा जिस प्रकार घड़ी में तीन सुई होती है और तीनों का अपना महत्व है। एक सुई खराब होने पर घड़ी महत्वहीन हो जाती है इसी प्रकार बच्चों के विकास में छात्र ,आचार्य एवं पालक में समन्वय होना आवश्यक है। जो शिक्षा विद्यालय में दी जाती है उसका क्रियान्वयन घर में हो रहा है कि नहीं हो रहा है या देखना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि बलराम चंद्रवंशी ने बच्चों की संगति, खान - पान, रहन सहन पर भी ध्यान देने पर जोर दिया। बच्चों के समग्र विकास पर दिनेश कुरेटी, अलेंद्र चंद्रवंशी, बेला चंद्रवंशी, श्री भलेंद्र, श्री कोर्राम, श्रीमती रजक ने अपने सुझाव रखे। चेष्टा आदि ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन युवराज साहू एवं आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य लोकराम साहू ने किया।

# विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय गंडई में हिंदी विभाग के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष गावस्कर कौशिक ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता लाना और नई पीढ़ी में अपनी भाषा के प्रति अनुराग पैदा करना है।

वहीं डॉ. ओमप्रकाश कौशिक ने अपने उद्बोधन में जानकारी दी कि आज विश्व के विभिन्न देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा का पठन-पाठन बड़े स्तर पर हो रहा है, जो हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक शुभम दुबे, हेमंत मिश्रा, डॉ. पद्मनी सिंहा और पल्लवी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कुमारी लता साहू ने किया।



### हिन्दी हमारी सांस्कृतिक पहचान

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टीएल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नौकरी के लिए अंग्रेजी व अन्य भाषाएं आवश्यक हो सकती हैं, लेकिन हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने मातृभाषा की अवहेलना न करने पर जोर दिया। इसके साथ ही ढालसिंह लोधी ने विश्व हिंदी दिवस के गौरवशाली इतिहास पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

# पिछले 5 दिनों से भटक रहा था युवक, पुलिस टीम ने बालोद ले जाकर परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- मानसिक रूप से विक्षिप्त डरा सहमा मिला युवक

अपने गृह ग्राम से निकल कर दर-दर भटक रहे एक युवक को पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाया। जिस पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

पुलिस के मुताबिक 10 जनवरी को सायं लगभग 7:30 बजे चन्द्रशेखर पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम धामनसरा, पुलिस चौकी सुरगी अपने साथी पिंटू कुमार गायकवाड़ के साथ मोहारा क्षेत्र में रोजी-मजदूरी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक डरा-सहमा एवं भूखा अवस्था में मिला। उन्होंने मानवीयता का परिचय देते हुए पहले उक्त युवक को नाश्ता कराया तथा नाम-पता पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मिथलेश साहू पिता विष्णु साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बरही, थाना बालोद, जिला बालोद बताया एवं विगत 20–25 दिनों से अपने घर से बाहर रहना बताया। तत्पश्चात सज्जन नागरिकों द्वारा उक्त युवक को थाना बसंतपुर लाया गया।

### घर ले जाकर परिजनों को किया सुपुर्द

निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा उक्त युवक को थाना परिसर में भोजन कराकर उसके संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई तथा उसके परिजनों से संपर्क किया गया। जानकारी में पाया गया कि उसकी माता उम्र लगभग 50 वर्ष है, जो घर में अकेली रहती हैं एवं देर रात्रि होने के कारण राजनांदगांव आने में असमर्थ हैं। इस संबंध में एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश प्राप्त होने पर निरीक्षक एमन साहू द्वारा मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक मिथलेश साहू को थाना स्टॉफ के माध्यम से सकुशल उसके गृहग्राम बरही, बालोद पहुंचाकर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया।


### पुलिस के कार्य की प्रशंशा

अपने पुत्र को सकुशल पाकर मिथलेश साहू की माता एवं ग्राम सरपंच द्वारा राजनांदगांव पुलिस की इस मानवीय कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक जीवराज रावटे तथा ग्रामीण चन्द्रशेखर पटेल, पिंटू कुमार गायकवाड़ एवं गिरधारी लाल देशलहरे, ग्राम धामनसरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी सन 1863 को हुआ था। उनके पिता विश्वनाथ दत्त पाश्चात्य सभ्यता में विश्वास रखते थे। उनका घर का नाम नरेंद्र दत्त था। वे अपने पुत्र नरेंद्र को भी अंगरेजी पढ़ाकर पाश्चात्य सभ्यता के ढंग पर ही चलाना चाहते थे।

नरेंद्र की बुद्धि बचपन से बड़ी तीव्र थी और परमात्मा को पाने की लालसा भी प्रबल थी। इस हेतु वे पहले ब्रह्म समाज में गए किंतु वहां उनके चित्त को संतोष नहीं हुआ। सन 1884 में विश्वनाथ दत्त की मृत्यु हो गई। घर का भार नरेंद्र पर पड़ा। घर की दशा बहुत खराब थी। कुशल यही थी कि नरेंद्र का विवाह नहीं हुआ था। अत्यंत गरीबी में भी नरेंद्र बड़े अतिथि सेवी थे। स्वयं भूखे रहकर अतिथि को भोजन कराते, स्वयं बाहर वर्षा में रातभर भीगते-ठिठुरते पड़े रहते और अतिथि को अपने बिस्तर पर सुला देते। रामकृष्ण परमहंस की प्रशंसा सुनकर नरेंद्र उनके पास पहले तो तर्क करने के विचार से ही गए थे किंतु परमहंस जी ने देखते ही पहचान लिया कि ये तो वही शिष्य है जिसका उन्हें कई दिनों से इंतजार है। परमहंस जी की कृपा से इनको आत्म साक्षात्कार हुआ फलस्वरूप नरेंद्र परमहंस जी के शिष्यों में प्रमुख हो गए। संन्यास लेने के बाद इनका नाम विवेकानंद हुआ। स्वामी विवेकानन्द अपना जीवन अपने गुरुदेव स्वामी रामकृष्ण परमहंस को समर्पित कर चुके थे। गुरुदेव के शरीर त्याग के दिनों में अपने घर और कुटुंब की नाजुक हालत की परवाह किए बिना, स्वयं के भोजन की परवाह किए बिना गुरु सेवा में सतत हाजिर रहे। गुरुदेव का शरीर अत्यंत रुग्ण हो गया था। कैंसर के कारण गले में से थूक, रक्त, कफ आदि निकलता था। इन सबकी सफाई वे खूब ध्यान से करते थे। एक बार किसी ने गुरुदेव की सेवा में घृणा और लापरवाही दिखाई तथा घृणा से नाक भौंहें सिकोड़ीं। यह देखकर विवेकानंद को गुस्सा आ गया। उस गुरुभाई को पाठ पढ़ाते हुए और गुरुदेव की प्रत्येक वस्तु के प्रति प्रेम दशार्ते हुए उनके बिस्तर के पास रक्त, कफ आदि से भरी थूकदानी उठाकर पूरी पी गए। गुरु के प्रति ऐसी अनन्य भक्ति और निष्ठा के प्रताप से ही वे अपने गुरु के शरीर और उनके दिव्यतम आदर्शों की उत्तम सेवा कर सके। गुरुदेव को वे समझ सके, स्वयं के अस्तित्व को गुरुदेव के स्वरूप में विलीन कर सके। समग्र विश्व में भारत के अमूल्य आध्यात्मिक खजाने की महक फैला सके। उनके इस महान व्यक्तित्व की नींव में थी ऐसी गुरुभक्ति, गुरुसेवा और गुरु के प्रति अनन्य निष्ठा ।















## सार समाचार

### सीआरएस सोनकर टीम बनी विजेता

**राजनांदगांव।** नीलू शर्मा फैंस क्लब के तत्वावधान में आयोजित सीजे राजनांदगांव प्रीमियर लीग (आरपीएल) सीजन-2 का फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ। फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का




भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबले में सीआरएस सोनकर राजनांदगांव की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं न्यू स्टार सिंघोला राजनांदगांव की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच के अवसर पर शहर के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव रहे। इसके अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मोहला-मानपुर-चौकी भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच.लाल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, डोंगरगांव नगर पालिका अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी, नगर पालिका उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, भाजपा नेता मनीष साहू, राजेश श्यामकर, डिकेश साहू, प्रकाश सिंह ठाकुर, ऋषिदेव चौधरी, अंशु बग्गा, राजू डागा, पवन डागा, वर्षा शरद सिन्हा उपस्थित रहे। आयोजन समिति के दीपक चौहान, नरेंद्र हंसा, संजू बघेल, धीरज हंसा, रमेश सगरवंशी, रवि रानसुरे, युवराज सिन्हा, दीपक सिन्हा, प्रहलाद सिन्हा ने भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

### 25वीं राज्य स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** कोरबा में 25वीं राज्य स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है और राजनांदगांव नगर निगम की महिला टीम रायगढ़ महासमुंद भिलाई नगर को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुकी है।



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला कबड्डी संघ के आजीवन अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि राजनांदगांव महिला टीम अपने अच्छे प्रदर्शन से 2025 में राज स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के दस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और दसों टूर्नामेंट में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर राजनांदगांव का नाम रोशन किया। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ फेडरेशन के स्टेट लेवल सभी टूर्नामेंट में राजनांदगांव का प्रदर्शन अच्छा रहा है। सभी खिलाड़ियों को नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऋषि देव चौधरी ने हार्दिक बधाई दी उनके कोच मैनेजर को भी हार्दिक बधाई।

### सीआरसी में 20 तक प्रशिक्षण शिविर

**राजनांदगांव।** दिव्यांगजन कौशल विकास, पुर्नवास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोल राजनांदगांव में व्यावसायिक



विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को स्वरोजगार उन्मुख कौशल प्रदान करने एवं उन्हें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के विकास के लिए 8 से 20 जनवरी तक बांस शिल्प कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बांस से बनाए जाने वाले विभिन्न आकर्षक उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चे सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बांस शिल्प कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम दिव्यांगजनों के कौशल विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### भाजपाईयो ने किया शिवालयों में रूद्राभिषेक

**राजनांदगांव।** केंद्र में बैठी मोदी सरकार के आह्वान पर पूरे देश में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत आज जिले भर के शिवालयों में महा रुद्राभिषेक



हुआ एवं दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सभी शिव मंदिरों में सभी मंडलों नगरों में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने सोमनाथ मंदिर के प्रति अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक कर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया।भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा नंदई स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर में ओमकार मंत्र का जाप कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद श्रीमती केवरा विजय राय, मधु बैद कमल सोनी,शिबू सोनकर,मनोज यादव, प्रवीण शर्मा,मर, अनुराग गुप्ता एवं गीतेश गुप्ता उपस्थित थे ।

### जीएसटी संभागीय कार्यालय स्थापित करने की मांग

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय एवं



विधानसभा अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह तथा वित्तमंत्री ओपी चौधरी से राजनांदगांव में एक नवीन वृत के निर्माण के साथ जीएसटी विभाग का संभागीय कार्यालय स्थापित करने की मांग की है।

श्री पारख ने जारी बयान में कहा कि जीएसटी के संभागीय कार्यालय के खुलने से एक और जहां क्षेत्र के अधिवक्ताओं तथा व्यवसायियों को सुविधा हो जाएगी। वहीं कार्य में तेजी आएगी। जिससे विभाग के कार्य भी आसान होंगे। श्री पारख ने कहा कि जीएसटी का संभागीय कार्यालय दुर्ग में होने के कारण व्यवसायियों एवं सीए अधिवक्ता को दुर्ग जाना पड़ता है। राजनांदगांव में तेजी से बढ़ रहे जीएसटी के पंजीयक धारकों की संख्या के कारण राजनांदगांव में नवीन वृत्त का निर्माण करवाया जाए तो यहां के लोगों को सुविधा होगी।

# स्वीकृति के बाद सौर संयंत्र की स्थापना नहीं, वेंडरों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिजली कंपनी के डायरेक्टर रामअवतार पाठक ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रगति पर राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सोलर एजेंसियों के संचालकों एवं मैदानी अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने सोलर एजेंसियों के संचालकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल पर पंजीकृत उपभोक्ताओं के घरों में पहुंचकर उन्हें योजना का अधिकाधिक लाभ दिलाने सभी प्रक्रियाओं को तीव्र गति से पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, पीएम सूर्य घर योजना के स्टेट नोडल अधिकारी नार्गाजुन बिम्बसार, एसई राजनांदगांव वृत शंकेश्वर कंवर, एसई कवर्धा वृत रंजीत घोष समेत चारों जिलों के सभी कार्यपालन अभियंता एवं सोलर एजेंसियों के संचालक उपस्थित हुए।



#### रूफटॉप लगाने में देरी की शिकायतें

डायरेक्टर राम अवतार पाठक ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बैंकों में लोन सहित सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद भी वेंडरों द्वारा उपभोक्ताओं के रूफटॉप लगाने में लेटलतीफी करने की शिकायतें मिल रही है। ऐसे वेंडरों को चिन्हांकित कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले राजनांदगांव क्षेत्र के सोलर एजेंसियों के संचालकों को फटकार लगाते कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### रद्द होगा पंजीयन

बैंकों द्वारा पीएम सूर्यघर योजना के तहत लोन स्वीकृत होने के बाद भी दो-तीन महीनों से हितग्राहियों के घरों में सौर संयंत्रों को स्थापित नहीं करने वाले वेंडरों के ऊपर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।
साथ ही संचालको के पंजीयन रद्द कर जमा राशि को भी जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। पीएम सूर्य घर योजना के स्टेट नोडल अधिकारी श्री नार्गाजुन बिम्बसार ने इस योजना के तहत वेन्डर का चुनाव करने वाले पंजीकृत उपभोक्ताओं की जानकारी देते हुए सोलर संचालकों के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

#### उपभोक्ताओं की तैयार होगी सूची

इस समीक्षा बैठक में राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि बकाया राजस्व वसूली के साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के घर के छतों पर सौर संयंत्र स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जाए। सभी जोन एवं वितरण केन्द्र स्तर पर 300 से अधिक यूनिट बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की लिस्ट बनाकर उन्हें इस योजना का लाभ दिलाने हेतु भरसक प्रयास किये जाए।

## केंद सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

# उपवास रख कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को “मनरेगा बचाओ संग्राम” के तहत जिला मुख्यालय के महावीर चौक में एकदिवसीय उपवास एवं शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चला। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा मनरेगा योजना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ सशक्त विरोध दर्ज कराया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ कर मजदूरों से उनके रोजगार के अधिकार को छीना जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। मनरेगा प्रभारी दीपक दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है और लाखों परिवारों को संकट के समय सहारा दिया है।




उपवास प्रदर्शन में प्रभारी बृजेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिला, प्रदेश सचिव मेहुल मारु, पीसीसी प्रवक्ता रुपेश दुबे, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, संतोष पिल्ले, सूर्यकांत जैन व आसिफ अली, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, युकां प्रदेश महासचिव चेतन भानुशाली, गुरभेज एनी माखिजा, भागवत साहू, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश राठौर, रमेश डाकलिया, इकरामुद्दीन सोलंकी, विवेक वासनिक , कुलबीर सिंह छाबड़ा, पंकज बांधव, राकेश जोशी, प्रेम रुपचंदानी, रुबी गरचा, अशोक पंजवानी आदि उपस्थित थे।

#### योजना में छेड़छाड़ : जीतू

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस की मांग स्पष्ट है, मजदूरों से उनका रोजगार का अधिकार नहीं छीना जाए, मनरेगा के मूल स्वरूप को बरकरार रखा जाए, अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं और मजदूरी बढ़ाकर न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन की जाए। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों के साथ खड़ी रही है। मनरेगा के मूल ढांचे से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### संसद तक देगें चुनौतीः साहू

डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से मजदूरों को उनके गांव में ही रोजगार मिलता है, जिससे पलायन रुकता है। सरकार को चाहिए कि वह योजना को कमजोर करने के बजाय इसे और मजबूत करे। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि मनरेगा महिलाओं और कमजोर वर्गों के लिए आत्मनिर्भरता का बड़ा माध्यम है। इस योजना पर हमला दरअसल गरीबों की आजीविका पर हमला है, जिसे कांग्रेस सड़कों से लेकर संसद तक चुनौती देगी।

# गोवर्धनमठ पुरी पीठ के शंकराचार्य 27 को आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिन्दू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत अनन्तश्री विभूषित श्री गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। इस पावन अवसर पर वे 27 से 29 तारीख तक छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में विराजित रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य जी राष्ट्रीय राजमार्ग



स्थित पाटीदार भवन में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं, धर्मावलंबियों और सनातन संस्कृति के अनुयायियों का मार्गदर्शन करेंगे।

इस दौरान वे दर्शन-दीक्षा प्रदान करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं से सीधा संवाद भी करेंगे।

#### तीन दिवसीय प्रवास पर धर्मसभा का आयोजन

आयोजकों ने बताया कि तीन दिवसीय प्रवास के दौरान धर्मसभा, संगोष्ठी एवं वैदिक-सनातन विषयों पर विचार विमर्श के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। जगतगुरु के स्वागत को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

#### तैयारियों के लिए समिति का गठन

इसी क्रम में विगत दिनों श्री शंकराचार्य जी स्वागत समिति, पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी एवं स्वागत समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए विभिन्न दायित्वों का वितरण किया गया। इस बैठक में आनंद वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा तिवारी, आदित्य वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुबे, आदित्य वाहिनी उपाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, मारुति नंदन, संदीप पांडे, आयोजन समिति के दिनेश झा, नीरज पंचार्य, देवेंद्र सिंह, सूर्यकांत तिवारी, सूरज वैष्णव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# निगम अमले ने हटाए पांच ठेले, उखाड़े बांस और बल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर समझाईस देकर हटाने की कार्रवाई कर रही है। अतिक्रमण दस्ता शुक्रवार को कमला कॉलेज रोड में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने तैयारी के तहत रखे 5 ठेला को हटाया। वहीं लगे बांस-बल्ली को उखाड़ने की कार्रवाई की।

शहर के चौक-चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला-खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिए। हाल के दिनों में गौरवपथ एवं अन्य स्थल पर नए अतिक्रमण की शिकायत निगम में लगातार प्राप्त हो रही है।



#### बाधित हो रहा था यातायात

कार्रवाई की कड़ी में कमला कॉलेज रोड में अतिक्रमण कर ठेला रखकर एवं बांस-बल्ली लगा अस्थाई दुकान लगाने की तैयारी की जानकारी पर उप अभियंता अनुप पाण्डे, तिलक राज ध्रुव, समयपाल चिराग मेश्राम, उद्यान सह-प्रभारी दिलीप गिरी एवं प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा टीम के साथ उक्त क्षेत्र से 5 बंद ठेला हटाकर बांस-बल्ली उखाड़ने की कार्रवाई की।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जाएगा।

## युवा दिवस पर आयोजन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिला अंतर्गत पहली बार 12 जनवरी को रानीसागर चौपाटी स्थित ऊर्जा पार्क में भारत के विश्वगुरू स्वामी विवेकानंद की जयंती (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होकर लगभग शाम 4 बजे तक आयोजनकर्ता जिला राष्ट्रीय सेवा योजना राजनांदगांव के द्वारा एवं सहयोगी संस्था छात्र युवा मंच के सहयोग से आयोजित किया जायेगा।

आयोजन एनएसएस के वर्ष 2026 के ध्येय वाक्य “उठो, जागो और अपनी शक्ति को पहचानो” यह वक्तव्य स्वामी विवेकानंद के द्वारा देश के युवाओं के लिये किये गये आव्हान ‘‘अराईज, अवेक एण्ड स्टाप नॉट, टिल दी गोल इस रीच्ड‘‘ पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि ‘‘उठो, जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रूको”। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे जो मुख्य वक्ता की आसंदी से बौद्धिक सत्र में सभा को संबोधित करेंगे। अध्यक्षता श्रीमती मोनिका दास, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना करेंगी, कार्यक्रम प्रभारी एवं सहयोगी के रूप में छात्र युवा मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष भागवत वर्मा उपस्थित रहेंगे। आयोजन में जिले के समस्त विद्यालय एवं महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी एवं स्वयंसेवकगण उपस्थित रहेंगे। सहयोगकर्ता के रूप में छात्र युवा मंच के रक्तवीर नागेश यदु सहित पूरी टीम उपस्थित रहेगी।

## आरगांव में शिव महापुराण आज से

**राजनांदगांव।** ग्राम आरगांव स्थित ‘शिवधाम’ में 12 जनवरी से संगीतमय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ होने जा रहा है। महिला समूह एवं ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान 19 जनवरी तक चलेगा। कथा में सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. अनिल कृष्ण तिवारी महाराज (अरजकुंड वाले) भक्तों को शिव भक्ति का अमृत पान कराएंगे।

कथा के प्रथम दिन 12 जनवरी को प्रातःकाल भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसके पश्चात वेदी पूजन और कथा महात्म्य का वर्णन होगा। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से ‘शिव इच्छा’ तक कथा का प्रवाह चलेगा। आचार्यश्री के साथ परायणकर्ता के रूप में पं. अंचल तिवारी (पोथी) और पं.कान्हा तिवारी (माला) भी उपस्थित रहेंगे।




# कलार समाज ने विधवा महिलाओं को दिए अधिकार

# कुरीतियों को दूर करने में कई अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिन्हा कलार समाज द्वारा एक प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित करते हुए कहा गया कि अब मृत्युभोज में पक्का भोजन प्रतिबंध किया गया जिसमें बड़ा, पूड़ी, बुंदी नहीं बनेगा बल्कि सादा भोजन पकाया जाएगा । वहीं विधवा महिलाओं को समस्त सामाजिक अधिकार होंगे।

इसकी जानकारी देने के लिए आज जिला कलार समाज के अध्यक्ष शिव डडसेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि फिजूल खर्च में कटौती, महिला व युवाओं की भागीदारी के लिए अनेक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। जिसमें धर्मान्तरण रोकने के लिए एक कमेटी बनेगी। इस बैठक में सामाजिक बुराईयां तथा कुरीतियों को दूर करने का अनेक प्रस्ताव पारित किया गया। कलार समाज के मूल भावनाओं एवं उद्देश्यों को आधार मानते हुए महिलाओं व युवाओं की भागीदारी बनाने, विधवा महिलाओं को समस्त सामाजिक अधिकार व न्याय प्रदान करने तथा समाज को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसके तहत विधवा महिला अपने बच्चों के विवाह में मौर सौंप सकेगी तथा अन्य वैवाहिक व शुभ कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा सकेगी। समाज में निर्णय लिया है कि बेटी का पाणिग्रहण अब सिर्फ गोधुलि बेला में ही सम्पन्न होगा।




#### विवाह को लेकर विशेष निर्णय

समाज में बढ़ती पति-पत्नी के संबंध में विच्छेद पर चिंता जताते हुए बिना किसी ठोस कारण के एक वर्ष के पूर्व संबंध विच्छेद नहीं कराने नियम भी इस बैठक में बनाया गया। वहीं विवाह हेतु तिलक लगाकर तय किये रिश्तों को तोड़ने वाले के विरुद्ध सामाजिक कार्यवाही का फैसला लिया गया। विवाह में दोनों पक्षों की खर्च में बचत के दृष्टिकोण से फलदान के रस्म को विवाह के समय सम्पन्न कराने का निर्णय भी पारित किया गया।

#### स्वामी विवेकानंद जयंती से लागू होंगे नियम

जिले में एक आदर्श समाज की स्थापना तथा आने वाली पीढ़ी को एक सभ्य सामाजिक व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से बनाये यह नियम संपूर्ण जिले में स्वामी विवेकानंद की जयंती के दिन से लागू होंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दीपक डड़सेना, चंद्रिका डड़सेना, शिव डड़सेना, गंगाराम सिन्हा, निर्मला सिन्हा, पूनमचंद सिन्हा, लुकेश कुमार सिन्हा, टीकम सिन्हा, हिमांशु सोनवानी, मोती लाल सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, सुरेश सिन्हा, सहित अन्य उपस्थित थे ।



### हायर सेकंडरी स्कूल में दो पालियों में लग रही कक्षाएं, विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रही महाविद्यालयीन सुविधाएं

# नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा भवन के अभाव से जूझ रहे छात्र छात्राएं


हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुण्डा स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय आज भी अपने स्वयं के भवन के अभाव में संचालित हो रहा है। भवन निर्माण नहीं होने के कारण महाविद्यालय की कक्षाएं वर्तमान में हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डा के भवन में लगाई जा रही हैं, जहां एक ही परिसर में दो पालियों में पढ़ाई कराई जा रही है। इससे महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को वे मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जो एक कॉलेज स्तर के संस्थान में आवश्यक होती हैं।

बताया जाता है कि नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में कोलेगांव, बसनी, भगतपुर, धनेली, कुण्डा, घोरपेंड्री, लोखान, वोडाडबरी, अखरा, खमरिया, रापा, जंगलपुर, हथमुंड़ी, माकरी सहित आसपास क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए आते हैं। लेकिन महाविद्यालय की स्थापना से पूर्व इन विद्यार्थियों को पंडरिया, कबीरधाम या मुंगेली जैसे दूरस्थ स्थानों पर उच्च शिक्षा के लिए जाना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कुण्डा में नवीन शासकीय महाविद्यालय की घोषणा की गई थी, जिसके बाद से यहां कॉलेज का संचालन प्रारंभ हुआ। लेकिन वर्षो से अब तक महाविद्यालय का स्थायी भवन निर्मित नहीं हो पाया है। वहीं वर्तमान में हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डा में सुबह की पाली में महाविद्यालय की कक्षाएं संचालित होती हैं, जबकि इसके बाद कक्षा 9वीं से 12वीं तक की स्कूल कक्षाएं लगती हैं। एक ही भवन में दो संस्थानों के कक्षाएं संचालन से न तो कक्षाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो पा रही है और न ही प्रयोगशाला, पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होती हैं।

यहा बताना लाजिमी होगा कि हाल ही में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दौरान जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित थीं, महाविद्यालय की इन समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा के लिए शीघ्र ही नया भवन निर्माण कराने हेतु बजट स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। अब क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही महाविद्यालय को अपना स्थायी भवन मिलेगा, जिससे विद्यार्थियों को पूर्ण महाविद्यालयीन सुविधाएं प्राप्त होंगी और ग्रामीण अंचल के युवाओं का भविष्य और अधिक सशक्त हो सकें।

**छात्र छात्राओं को शारीरिक व मानसिक दोनों प्रकार की परेशानियां**



मिली जानकारी के अनुसार ठंड के मौसम में स्थिति और भी कठिन हो जाती है। सुबह 8 बजे कॉलेज की कक्षाएं शुरू होने के कारण छात्र-छात्राओं को अत्यधिक ठंड में घर से निकलना पड़ता है, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में महाविद्यालय में लगभग 300 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन आज तक यहां नियमित व्याख्याता की नियुक्ति भी नहीं हो पाई है, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री के हाथों युवा रत्न सम्मान से सम्मानित होंगे : सचिन कुम्हरे

- घुंघरुओं की गुंज और कला की साधना को मिला राजकीय सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर की सांस्कृतिक विरासत को अपने नृत्य से नई पहचान देने वाले युवा कलाकार सचिन कुम्हरे को सोमवार को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युवा रत्न सम्मान से विभूषित किया जाएगा। राजधानी में आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं अपने हाथों से सचिन को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान करेंगे। सचिन पिछले कई वर्षो से कत्थक नृत्य के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय कला को देश-दुनिया में प्रदर्शित कर रहे हैं। कला के प्रति उनकी निष्ठा और उनकी उपलब्धियों को देखते हुए शासन ने उन्हें इस वर्ष के युवा रत्न के लिए चुना है। यह सम्मान मिलने की खबर से प्रदेश के कलाकार जगत में हर्ष व्याप्त है। सचिन को यह सम्मान युवा दिवस के आवास पर प्रदान किया जाना है, सचिन अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण है कि सोमवार को छत्तीसगढ़ के मुखयमंत्री विष्णु देव साय के हाथों युवा रत्न सम्मान प्राप्त होने जा रहा है। नृत्य मेरे लिए केवल एक कला नहीं, बल्कि मेरी इबादत है। इस सम्मान के लिए उन्होने छत्तीसगढ़ सरकार और गुरुजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया कि जिनके मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था। यह पुरस्कार मेरी कला यात्रा की एक नई शुरुआत है।



## खबर संक्षेप

### नवीन पाठ्यक्रम में किए बदलावों पर दिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत एफएलएन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वाचनालय कवर्धा में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण नवीन पाठ्यक्रम में किए गए बदलावों पर आधारित था और मुख्यतः हिंदी, गणित, पर्यावरण और योग शिक्षा विषयों पर केंद्रित रहा। प्रशिक्षण में शामिल सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक और ध्यानपूर्वक सत्रों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सहभागियों को नवीन शिक्षण पद्धतियां, बाल केंद्रित एवं गतिविधि आधारित शिक्षण और प्रभावी मूल्यांकन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण का समापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन आरती ठाकुर कोर ग्रुप की सदस्य की निगरानी में किया गया।

# यज्ञ से गांव में सुख-शांति व समृद्धि का वातावरण बनता है पं मेघानंद शास्त्री

- श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ व श्रीराम कथा में उमड़ी रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। जिस पर यज्ञाचार्य पंडित मेघानंद शास्त्री ने कहा कि यज्ञ एक श्रेष्ठ कर्म है, जिससे गांव में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ साधकों को आत्मा की उन्नति एवं ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति की दिशा में मार्गदर्शन करता है। इसका उद्देश्य फल की आकांक्षा नहीं, बल्कि ईश्वर भक्ति, आत्मशुद्धि और सामाजिक कल्याण होता है।



उन्होंने बताया कि वेदों में लगभग 400 प्रकार के यज्ञ-अनुष्ठानों का वर्णन मिलता है, जिनमें से 21 को नित्यकर्म के रूप में अनिवार्य माना गया है, जबकि शेष काम्य कर्म इच्छाओं की पूर्ति हेतु किए जाते हैं। यज्ञ का तात्पर्य त्याग, बलिदान और शुभ कर्म से है।

यज्ञ में आहुति के रूप में डाले गए सुगंधित एवं पौष्टिक द्रव्य अग्नि और वायु के माध्यम से वातावरण में प्रसारित होकर वायु शोधन करते हैं, जिससे स्वास्थ्यवर्धक वातावरण निर्मित होता है। यज्ञ के दौरान उच्चारित वेद मंत्रों की ध्वनि वातावरण को सात्विक एवं पवित्र बनाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यज्ञ से वातावरण में फैले रोगाणुओं का नाश होता है। पं मेघानंद शास्त्री ने बताया कि धर्मशास्त्रों के अनुसार यज्ञ की रचना सर्वप्रथम परमपिता ब्रह्मा ने की थी। अग्नि को ईश्वर का मुख माना गया है, जिसमें दी जाने वाली आहुतियों को ब्रह्मभोज कहा गया है। यज्ञ को अग्नि पूजा भी कहा जाता है, जिससे देवताओं की प्रसन्नता प्राप्त होती है।

श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्मी-नारायण स्वरूप भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का प्रतीक है। यह यज्ञ भौतिक सुख-संपदा, समृद्धि और आर्थिक स्थिरता प्रदान करने वाला माना जाता है। इस यज्ञ के माध्यम से वित्तीय कठिनाइयों, ऋण एवं पारिवारिक समस्याओं से मुक्ति की कामना की जाती है। महायज्ञ एवं श्री राम कथा के आयोजन से ग्राम मोहतरा कला सहित आसपास के गांवों में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

# मनरेगा से महात्मा गांधी के नाम को हटाये जाने पर गांधी वादी तरीके से किया प्रदर्शन

- केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने उपवास कर किया प्रतीकात्मक विरोध।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में कांग्रेसजनों ने एक दिवसीय उपवास रखकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर नवीन जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) देश के गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसे लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और जटिल नियम थोपकर योजना को निष्प्रभावी बनाया जा रहा है। युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि केंद्र की सरकार उद्योग पतियों के इशारे से काम कर रही है, इससे पंचायत का



अधिकार व मजदूरों के अधिकार को खत्म किया जा रहा है। महात्मा गांधी का ग्राम सुराज का सपना खत्म किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नही करेगी।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी गरीबों के अधिकारों के साथ समझौता नहीं करेगी। मनरेगा को कमजोर करने का हर प्रयास कांग्रेस को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर करेगा और यह आंदोलन आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने शांतिपूर्ण ढंग से उपवास रखकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध प्रकट किया तथा केंद्र सरकार से मनरेगा को पूर्ण रूप से लागू करने, लंबित मजदूरी का शीघ्र भुगतान करने और योजना का बजट बढ़ाने की मांग की। इस कार्यक्रम में महेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र जांगड़े, गोपाल चंद्रवंशी, अन्नपूर्णा चंद्रकार, टेकसिंह चंद्रवंशी, मणिकांत त्रिपाठी, सतीस गहरवार, गुरुदत्त शर्मा, दिनेश कोसरिया, शिवप्रसाद वर्मा, सतेंद्र वर्मा, नारायणी टोन्ड, वाल्मीकि वर्मा, संतोष यादव, भीखम कोसले, बिन्नी तिवारी, रानू दुबे, आकाश केशरवानी, नेतराम जंघेल, सुनील ठाकुर, दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश संवरा, सुजीत कुंभकार, आशीष दास गुप्ता, दुर्पत सिंह, हीरा यादव, अमन वर्मा, वैभव ठाकुर, मेहुल सत्यवंशी, सुजल व आशु सहित शहर कांग्रेस, ग्रामीण कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## दिनेश मिश्रा छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य नियुक्त

**हरिभूमि कुण्डा।** प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व मण्डल अध्यक्ष कुण्डा दिनेश मिश्रा को पुनः प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया है। वहीं समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिनेश मिश्रा भाजपा के वरिष्ठ कर्मठ और निष्ठावान जुझारू कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते है, श्री मिश्रा पूर्व मण्डल अध्यक्ष, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप कार्य कर चुके है, वे वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा के शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष है। संगठनात्मक कार्यो में उनकी सक्रिय भूमिका और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। पुनः कार्यसमिति में जगह मिलने पर दिनेश मिश्रा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं पंडरिया विधायक भावना के प्रति आभार व्यक्त किया, उन्होने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के समृद्ध अनुभव दूरदर्शिता और स्नेहपूर्ण मार्ग दर्शन पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रदेश के किसानों के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस नियुक्ति से किसान मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी, वहीं दिनेश मिश्रा के पुनः कार्यसमिति सदस्य की नियुक्ति पर भाजपा मण्डल कुण्डा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रमुख रूप से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं जिला मंत्री ओम यद्घ, सुरेश दुबे, बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदीप गोस्वामी, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, हरेकृष्णा शुक्ला, महेंद्र धृतलहरे, कृष्णा चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, अमन खनूजा सहित मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।



### महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर बनीं मजगांव की श्रीमती सविता कार्लिक

**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी दिशा में चलाई जा रही महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की महिलाओं के लिए आर्थिक सहारा और आत्मसम्मान का आधार बन गई है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में दी जा रही है। इससे महिलाएँ अपने छोटे-बड़े खर्च खुद संभाल पा रही हैं और परिवार के फैसलों में उनकी भागीदारी भी बढ़ी है। योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कबीरधाम जिले के ग्राम मजगांव की निवासी श्रीमती सविता कार्लिक ने बताया कि उन्हें अब तक 23 किस्तों में कुल 23 हजार रुपये मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह राशि उनके लिए सिर्फ पैसों की मदद नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और हिम्मत का स्रोत है।

# इन्दौरी जोन में एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) कार्यक्रम के अंतर्गत इन्दौरी जोन में नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 71 प्रशिक्षार्थियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों में पठन, लेखन एवं बुनियादी गणितीय दक्षताओं को प्रभावी रूप से विकसित करना रहा। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियां, गतिविधि आधारित अधिगम, सीखने के आकलन के नवाचार, टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) का प्रभावी उपयोग तथा समावेशी शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा डिकोडिंग, साझा पठन, मार्गदर्शित पठन, संख्या-बोध, एक-एक की संगतता जैसे विषयों पर व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे कक्षा-कक्ष में सीधे लागू करने योग्य बताया। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी बीआरजी (बीआरजी) के रूप में वोकेश नाथ योगी एवं प्रेमिस शर्मा को सौंपी गई। दोनों प्रशिक्षकों ने अपने उत्कृष्ट प्रशिक्षण कौशल एवं अनुभव के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक, प्रभावी एवं ऊर्जावान बनाया। आमतौर पर शिक्षक प्रशिक्षण को बोझिल माना जाता है, किंतु इन दोनों प्रशिक्षकों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण रहा। प्रशिक्षण की तैयारियों में खंड स्रोत समन्वयक केशलाल साहू ने संसाधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ समय-समय पर प्रशिक्षण का सुपरवीजन भी किया। वहीं डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप (डीआरजी) से वीरेंद्र चंद्रवंशी ने एक नई पहल करते हुए प्रशिक्षण में विशेष उत्साह भरने के उद्देश्य से सुश्री मीना ठाकुर को प्रशिक्षु के रूप में शामिल किया। जन्मजात दिव्यांग होने के बावजूद मीना ठाकुर ने पूरे दिन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि सीखने की ललक हो तो दिव्यांगता कभी अभिशाप नहीं बनती। उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रेरणादायी सहभागिता से प्रभावित होकर वीरेंद्र चंद्रवंशी द्वारा सुश्री मीना ठाकुर को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पहली बार हुआ जब किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसी प्रशिक्षु को सम्मानित किया गया। इस सराहनीय पहल के लिए वोकेश नाथ योगी एवं प्रेमिस शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया।



### कवर्धा प्राइवेट स्कूल संघ के तत्वाधान में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन

# विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में कवर्धा प्राइवेट स्कूल संघ के तत्वाधान में इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 व 11 जनवरी को सफलता पूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर के कुल आठ विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर एवं रामकृष्ण पब्लिक स्कूल रवेली शामिल थें, इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका कवर्धा, पवन जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका, रिया तिवारी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन स्वर्ण पदक विजेता, पार्षद दीपक सिन्हा, बिहारी लाल धुर्वे, योगेश चंद्रवंशी, डोनेश ठाकुर, छत्तीसगढ़ प्रांत उपाध्यक्ष पवन देवांगन, जिला अध्यक्ष डॉ अश्वनी श्रीवास, जिला सीबीएसई स्कूल अध्यक्ष आदित्य चंद्रवंशी, कवर्धा शहर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, जिला सचिव लक्ष्मण चंद्रवंशी, जिला संरक्षक सपन चोपड़ा, जिला सहसचिव लोमश चंद्रवंशी सहित संघ के सदस्य प्रिंस बोथरा, रामशरण चंद्रवंशी एवं कुंज बिहारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा कवर्धा शहर में पहली बार प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा आयोजित इस टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए संघ को बधाई दी।



संघ के जिलाध्यक्ष डॉ अश्वनी श्रीवास ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के पहले दिन चार लींग मैच खेले गए, जिसमें श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं ग्रैंड फाइनल मुकाबला गुरुकुल पब्लिक स्कूल एवं श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। फाइनल में आरपीएस की टीम 8 ओवर में 83 रन ही बना सकी। गुरुकुल पब्लिक स्कूल की ओर से प्रथम चंद्रवंशी, आदित्य चंद्रवंशी एवं विवेक नेताम की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने खिताब अपने नाम किया।

जिस पर प्रथम स्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान अशोका पब्लिक स्कूल रहा। साथ ही चारों मुकाबलों में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रमशः आरपीएस से शिवा, अशोका स्कूल से अद्वित चंद्रवंशी, गुरुकुल से प्रथम चंद्रवंशी एवं विवेक नेताम को प्रदान किया गया। वहीं प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अशोका पब्लिक स्कूल के छात्र वासुदेव वैष्णव को दिया गया, जिन्होंने टूर्नामेंट में लगातार तीन अर्धशतक लगाए। टूर्नामेंट के सफल संचालन में निर्णायक के रूप में मो. तस्लीम आरिफ, दीपक चंद्रवंशी, उमाशंकर साहू, अनिल चंद्रवंशी, अमित, बिपिन तिवारी, प्रदीप, रविंद्र साहू एवं राजा जोशी का विशेष योगदान रहा।

**कार्यवाही: 25 लाख से अधिक की जप्ती के साथ दो तस्कर गिरफ्त में, एमपी ले जाया जा रहा था गांजा**

# बोलेरो वाहन में बनाए गए सीक्रेट चैंबर से 26.860 किलोग्राम गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

थाना बोड़ला पुलिस एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम की संयुक्त टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर रविवार को घेराबंदी कर अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ओडिशा राज्य से गांजा की खेप लेकर मध्य प्रदेश के रीवा जिले की ओर ले जा रहे थे। तस्करी के उद्देश्य से महिंद्रा बोलेरो वाहन में विशेष रूप से सीक्रेट चैंबर तैयार कराया गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी संगठित एवं पेशेवर तरीके से अवैध नशे का कारोबार कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा बोलेरो वाहन महिंद्रा बोलेरो व्हाइट रंग क्रमांक एमपी 17 जेडजे 6484 को रोककर गहन तलाशी ली गई, जिसमें सीक्रेट चैंबर से कुल 26.860 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। मौके पर ही गांजा एवं वाहन को विधिवत जप्त कर आरोपी लाला चर्मकार पिता कामता प्रसाद चर्मकार, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम जवा, थाना जवा, जिला रीवा, मध्य प्रदेश तथा राधिका मल्ला पिता रामचंद्र मल्ला, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम जवा, थाना जवा, जिला रीवा, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा आगे भी नशे के विरुद्ध अभियान को और अधिक सख्ती एवं व्यापक स्तर पर जारी रखा जाएगा। आमजन से अपील है कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाया जा सके।



**आरोपियों से जप्त किया गया गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन**

बोड़ला पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले इन आरोपियों के पास से गांजा की कुल मात्रा 26.860 किलो ग्राम अनुमानित कीमत 13,34,000 रुपए के अलावा गांजा तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो वाहन की अनुमानित कीमत 12,00,000 रुपए कुल जप्त संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 25,34,000 रूपए की सामग्री जप्त की है।

### तस्करों से मिल सकती हैं कई आवश्यक जानकारियां

पुलिस की माने तो आरोपियों से पूछताछ के दौरान गांजा तस्करी के पूरे नेटवर्क, स्रोत, सप्लाई चेन एवं इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होने की संभावना है, जिस पर आगे और भी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम के प्रभारी उमाशंकर राठौर, साइबर थाना प्रभारी महेश प्रधान तथा थाना बोड़ला प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका और सराहनीय समन्वय रहा। साइबर थाना की तकनीकी सहायता एवं सूचनात्मक विश्लेषण के कारण तस्करों की गतिविधियों पर सटीक निगरानी संभव हो सकी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण, काव्यपाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन 12 जनवरी को जिला मुख्यालय कवर्धा में किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय आत्मानंद स्कूल, दुर्गावती चौक कवर्धा में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जिले के सभी स्कूलों/कॉलेजों के विद्यार्थी एवं इच्छुक खिलाड़ी, जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच है, प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली काव्यपाठ, भाषण तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष होना अनिवार्य है। काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अधिकतम 05 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा तथा काव्य पाठ का विषय उठो जागो-स्वामी विवेकानंद का अमर संदेश निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक कविता प्रस्तुत कर सकेगा। कविता हिन्दी अथवा छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत की जा सकती है। प्रस्तुत की जाने वाली कविता हिंसक, आपत्तिजनक या भेदभावपूर्ण नहीं होनी चाहिए। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उच्चारण, भाव-भंगिमा, प्रस्तुति कौशल, शुद्धता तथा विषय की प्रासंगिकता के आधार पर किया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। भाषण हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकेगा तथा



अधिकतम 05 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा। भाषण का विषय स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्रनिर्माण के पथप्रदर्शक रहेगा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन भाषण की स्पष्टता, विषय की प्रासंगिकता, प्रवाह, अभिव्यक्ति, शब्दों की पुनरावृत्ति से बचाव, विषय के प्रति जागरूकता एवं आत्मविश्वास के आधार पर किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित है। रंगोली हेतु अधिकतम 45 मिनट का समय दिया जाएगा तथा विषय युवा शक्ति एवं स्वामी विवेकानंद रहेगा। रंगोली निर्माण में केवल सूखे एवं प्राकृतिक रंगों सामग्री का उपयोग किया जाएगा, केमिकल रंगों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिभागियों को स्वयं ही रंगोली तैयार करनी होगी तथा किसी भी प्रकार की बाहरी सहायता मान्य नहीं होगी। रंगोली का मूल्यांकन रचनात्मकता, रंग संयोजन एवं स्वच्छता के आधार पर किया जाएगा। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**खबर संक्षेप**

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत

**बोड़ला।** जिले के बोड़ला विकासखंड अतर्गत ग्राम कुसुमघटा में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। भगवानी पिता रामलाल साहू आयु ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करने गया हुआ था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि चालक भगवानी साहू ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद युवक को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन चिकित्सों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## तालाब में डूबने से एमपी के मजदूर की दर्दनाक मौत



- रविवार की छुट्टी बन गई काल, परिजनों में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेउरगांव कला और तरेगांव मैदान के बीच स्थित बोड़ला मुख्य मार्ग के तालाब में रविवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। तालाब में नहाने गए एक श्रमिक की पानी में डूबने से मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक की पहचान माहू बैगा पिता फगनू के रूप में की गई है, जो मध्यप्रदेश के मंडला जिले के मोतीनाला विकासखंड अंतर्गत ग्राम लोटरा का निवासी था। माहू बैगा पिछले करीब एक महिने से बोड़ला क्षेत्र में स्थित एक गुड़ उद्योग में मजदूरी कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को गुड़ उद्योग में अवकाश होने के कारण माहू दोपहर करीब 2 बजे तालाब में नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों और साथ काम करने वाले मजदूरों के अनुसार, वह नशे की हालत में था।

नहाते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी लक्ष्मी और उनके दो छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के एकमात्र कमाने वाले की मौत से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है।

वहीं गुड़ उद्योग में काम करने वाले अन्य श्रमिकों में भी गहरा शोक व्याप्त है। घटना के बाद नेउरगांव कला और तरेगांव मैदान के ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। हर आंख नम और माहौल गमगीन नजर आया।

बहरहाल घटना की सूचना बोड़ला पुलिस को दे दी गई और सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मृतक का शव तलाश रही है लेकिन अभी तक पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है।

### पुलिस कर रही है शव की तलाश

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव तालाब से बाहर नहीं निकाला जा सका था। पुलिस टीम मौके पर पहुंच चुकी है और गोताखोरों की मदद से शव की तलाश की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि शव बरामद होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर असुरक्षित तालाबों और नशे की लत से जुड़ी गंभीर समस्या की ओर इशारा करता है, जिसने एक गरीब मजदूर परिवार की खुशियां छीन लीं।

## महिला थाना पुलिस ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला थाना कवर्धा द्वारा गत दिनो आदिवासी कन्या आश्रम भोरमदेव थाना क्षेत्र के भोरमदेव में महिला सुरक्षा पर जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आशीष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक अंजू कुमारी, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के निर्देशानुसार आश्रम में उपस्थित बालिकाओं को सुरक्षा के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई।

बाल विवाह, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी व ऑनलाइन ठगी होने पर 1930 के बारे में बताया गया। पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं गुड टच बैड टच, अभिव्यक्ति एप, पीड़ित क्षतिपूर्ति, टोनही प्रताड़ना, नशा मुक्ति और यातायात नियमों के पालन जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। आश्रम में उपस्थित बालिकाओं को महिलाओं के ऊपर हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी दी गई, बच्चों को पुलिस आपका मित्र है, पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है बताया गया।

इस कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं सहित ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था पुलिस प्रशासन से कई आवश्यक जानकारियां प्राप्त की। ग्रामीणों ने महिला पुलिस द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा की। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी पुलिस के प्रति ग्रामीणों की झिझक को दूर करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में महिला थाना कवर्धा से निरीक्षक भुवनेश्वरी राठौर, सहायक उप निरीक्षक विजया कैवत, उप निरीक्षक देमन टेकाम, प्रधान आरक्षक फलेंद्र देशमुख, आर चंद्रशेखर चंद्राकर, महिला आरक्षक रजनी टोप्पो, थाना भोरमदेव स्टाफ व छात्रावास अधीक्षक माया दरों, सुरक्षा गार्ड मुनेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## 3.38 करोड़ के सड़क निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में विकास को मिली नई रफ्तार



- कवर्धा विधानसभा में बुनियादी ढांचे को मिल रही मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्रामीण अंचलों को मजबूत एवं टिकाऊ सड़क नेटवर्क की सौगात मिल रही है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन दोनों कार्यों पर कुल 3 करोड़ 38 लाख 65 हजार रुपए की लागत आएगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम लखनपुर से कान्हाभैरा तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिसकी कुल लागत 2 करोड़ 97 लाख रुपए है। वहीं ग्राम रबेली में ग्राम गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य की लागत 41 लाख 65 हजार रुपए है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सुगम, सुरक्षित एवं सर्व मौसम में आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि परिवहन एवं स्थानीय व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, प्रकाश चंद्रवंशी, खेमराज साहू, राम सिंह ठाकुर, दिनेश जायसवाल, प्रताप चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती शैली सुरेंद्र चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी सरपंच लखनपुर, कोमल चंद्रवंशी सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष, लखनपुर, डॉ. पूनाराम सिहवारे, श्रीमती जमुना गणेश चंद्रवंशी सरपंच कान्हाभैरा, श्रीमती नेहा दिनेश झारिया सरपंच रबेली, मुनि राम चंद्रवंशी, राजेश साहू, दिलीप चंद्रवंशी, शिवकुमार साहू, भरत चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास की रीढ़ बनेंगी सड़कें

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा में अभूतपूर्व एवं चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसे मूलभूत विषयों पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत ये सड़कें ग्रामीण विकास की रीढ़ सिद्ध होंगी और आने वाले समय में क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे रोजगार, व्यापार और सामाजिक विकास के नए अवसर भी सृजित करती हैं। कवर्धा विधानसभा में जिस गति से विकास कार्य हो रहे हैं, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क समस्या का अब स्थायी समाधान हो रहा है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि इन सड़कों के निर्माण से गांवों का विकास तेज होगा और आमजन का जीवन स्तर बेहतर होगा।

## जन चौपाल में मजदूरों के अधिकारों की उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम महराटोला में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत एक चौपाल का आयोजन किया गया।

जन चौपाल को संबोधित करते हुए रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों, किसानों और मजदूरों की आजीविका की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार के दौरान इस योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा से गांवों में रोजगार के साथ विकास भी हुआ है, लेकिन आज मजदूर दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में भगवान सिंह पटेल, नेतराम जंघेल सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और मनरेगा से जुड़े उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कांग्रेसियों ने ग्रामीणों के रोजी रोजगार से जुड़ी मनरेगा को बंद करने का मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाया।

**जागरूकता कार्यक्रम...**




कवर्धा। जिला महिला पुलिस ने भोरमदेव में आयोजित किया महिला जागरूकता कार्यक्रम।

**चना सहित दूसरी फसलों को कर रहे हैं बर्बाद, ग्रामीण लाचार और मजबूर**

## बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीण किसानों ने वन विभाग से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के ग्रामीण अंचलों के किसान बंदरों के आतंक से भारी परेशान और हलाकान नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या से छुटकारा पाने न तो किसान स्वयं कुछ कर पा रहे हैं और न ही शिकवा शिकायत के बावजूद संबंधित वन विभाग ही इन किसानो की फरियाद सुन रहा है। उल्लेखनीय है कि रबि फसल चना किसानो के लिए नगदी और कीमती फसल मानी जाती है लेकिन बंदरों के चलते फसल नहीं बच पा रही है। किसानो की माने तो इस समय चना की फसल में फल-फूल लग चुके हैं और उनमें दाने भी आ चुके हैं और इस बात की जानकारी जंगली बंदरों को भी हो चुकी है जिसे भांपते हुए अब जंगली बंदरों की अलग-अलग दर्जनों टोलियों ने चना के खेतों के आसपास डेरा डाल दिया है। स्थिति ये है कि बंदरों को जरा सा मौका मिला नहीं की वे झुंड के झुंड चना के खेतों में टूट पड़ते हैं और कुछ ही देर में फसल को भारी नुकसान पहुंचाकर चट कर जाते हैं। किसानो ने बताया कि बंदरों का आतंक इस हद तक बढ़ चुका है कि उनके लिए अब चना की फसल को बचा पाना मुस्किल हो रहा है। बावजूद इसके वे न तो बंदरों को मार सकते हैं और न इसकी शिकायत वन विभाग में करने पर कोई कार्यवाही हो रही है। ऐसे में किसानो को समझ में नहीं आ रहा है कि वे करें तो क्या करें। ग्रामीण किसानो ने बताया कि बंदरों से अपनी चना सहित दूसरी फसलों को बचाने के लिए कई गांवों के किसानो ने दिहाड़ी पर रखवार भी रखा है जो उनके खेतों की रखवाली करते है। लेकिन यह भी कोई कारगर समाधान नहीं है क्योंकि ग्रामीण अंचलों में बंदरों की संख्या इतनी अधिक बढ़ चुकी है कि उन पर नजर रख पाना बेहद मुस्किल है, वे खेत के किसी भी कोने में दबे पांव पहुंचकर फसल चट कर जाते हैं। जानकारी होने पर रखवार भी इन बंदरों को सिर्फ भगा सकता है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग तथा प्रशासन से इस गंभीर समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है।